कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

असूचना प्रकोष्ठ : पन्ना टाईगर रिजर्व के जानकारी के आधार पर श्री राजेश सरकार बंगाली, निवासी ग्राम कुंजवन के आवास पर जप्ती की कार्यवाही की गई। इनके आवास एवं फर्नीचर की दुकान से 200 नग से अधिक सागौन की लकड़ी जप्त की गई जिसमें गीली लकड़ी भी थी । श्री राजेश सरकार बंगाली के द्वारा संचालित पूजा फर्नीचर मोहन निवास पर स्थित है। जप्ती की कार्यवाही इनके कुंजवन के आवास व इनके दुकान से श्री आई.के. अफरीदी, परिक्षेत्र अधिकारी मड़ला के द्वारा सम्पन्न की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि पन्ना नगर में स्थित फर्नीचर दुकान एवं अवैध रूप से लकड़ी काटने वालों के बीच सांठ–गांठ है। जप्त की गई लकड़ी मड़ला परिक्षेत्र के मनौर वृत्त के बलैया के आस–पास के बीटों में काटी गई है। प्रकरण में पी.ओ.आर क्रमांक 779/03 दिनांक 23.3.2010 जारी किया जा कर विवेचना जारी है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आम–खास को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार अवैध रूप से लकड़ी काटने का प्रकरण आपके ध्यान में आता है तो उसकी सूचना तत्काल पार्क प्रबन्धन एवं वन विभाग को देकर वन एवं वन्य प्राणियों का आवास बचाने में इस देश की एक जिम्मेदार व जागरूक नागरिक की हैसियत से सहयोग प्रदान करें।

आपके द्वारा वायरलेस कण्ट्रोल रूम को सूचनामोबाइल नम्बर 9424791285 पर 24 X 7 X 365 दिनों के आधार पर हर समय प्रदान की जा सकती है।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना